पंचायत बरछा बुजुर्ग में विशेष ग्रामसभा

गुड इवनिंग, खातेगांव

गांधी जयंती के अवसर पर खातेगांव विकास खंड के ग्राम पंचायत बरछा बुजुर्ग में एक विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। इस ग्रामसभा का मुख्य एजेंडा वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान और उनके अनुभवों को साझा करना था। 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों ने अपनी कहानियों के माध्यम से गाँव में देखे गए बदलावों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में जन योजना अभियान 2025-26 का वीडियो भी प्रस्तुत किया गया। इसके बाद, ग्राम सभा ने स्वच्छ पंचायत और नशा मुक्त पंचायत की शपथ ली। विशेष ग्राम सभा नोडल श्री लेखराम गुर्जर एसोसिएट प्रैक्टिशनर ट्रांसफार्म रूरल इंडिया फाउंडेशन द्वारा पंचायत विकास सूचकांक और सतत विकास लक्ष्य 2030 पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें पंचायत विकास सूचकांक के 9 संकेतकों पर प्रगति को प्रस्तुत किया गया। इस बार की थीम थी सक्षम पंचायत, विकसित भारत, जिसके तहत ग्राम पंचायत विकास योजना और विस्तारित पंचायत विकास योजना के महत्व पर भी चर्चा की गई। ग्राम सभा की शुरूआत संविधान की प्रस्तावना के पाठ से हुई और अंत में वृक्षारोपण अभियान का भी आयोजन किया गया। वरिष्ठ नागरिकों ने एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण में भाग लिया और गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच सुनिता भलावी ने किया गया इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ श्री के पी राजोरिया, भोपाल से रेजानी जी, सचिव राजेश दुबे, रोजगार सहायक राजेश विश्नोई एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे इसी दौरान कृषि उद्यमी देवेंद्र सिंह तोमर, नरेंद्र सिंह तोमर एवं सुनिता गदिले द्वारा केंचुआ खाद एवं जैव इनपुट रामबाण बाहुबली का स्टाल लगाया।